Chapter- 8

हमारा पडोसी देश नेपाल

STUDY NOTES

विषय सारांश:

- अठारहवीं सदी में गोरखा इलाके के राजा पृथ्वी नारायण शाह ने स्वतंत्र नेपाल की स्थापना की थी।
- नेपाल की राजधानी काठमांडू में पशुपतिनाथ का प्रसिद्ध मंदिर है।
- नेपाल देश हिमालय की गोद में बसा है।
- संसार की सबसे ऊँची चोटी एवरेस्ट तथा गोरीशंकर, कंचनजंगा, धवलगिरी जैसी बर्फ से ढँकी चोटियाँ भी यहीं हैं।
- यहाँ याक, गाय, बैल, भैंसें, भेड़ें और बकरियाँ पाली जाती हैं।
- ऊँचे इलाके में कस्तूरी मृग पाया जाता है।
- कस्तूरी मृग सुगंधित तथा औषधीय गुणों से भरा होता है।
- नेपालियों का प्रमुख व्यवसाय खेती है।
- नेपाल में कोयला, ताँबा, गंधक, सीसा और लोहे जैसे कीमती खनिज पदार्थ मिलते हैं।
- नेपाल के मुख्य निवासी गोरखे और शेरपा हैं।
- गोरखे मझले कद वाले, शारीरिक रूप से हट्टे कट्टे हैं।
- उनकी नाक चपटी, आँखें छोटी और माथा सँकरा होता है। उनका रंग गेहुँआ पीला होता है।
- खुखरी इनका प्रिय हथियार है।
- गोरखा लोग बहुत बीर होते हैं।
- नेपाल की दूसरी प्रसिद्ध जाति शेरपा है।
- शेरपा जाति के पर्वतारोही तेनजिंग शेरपा ने संसार की सर्वोच्च पर्वत चोटी माउंट एवरेस्ट पर सर्व प्रथम चढ़ा था।
- शेरपा लोग बहुत परिश्रमी होते हैं।
- नेपालियों के घर लकड़ी और बाँस से बने होते हैं।
- नेपाल के पाटन में मत्सेंद्रनाथ का मंदिर है।
- भगवान बुद्ध का जन्मस्थल लुंबिनी नेपाल में है।
- नेपाल में हिंदुओं की संख्या सर्वाधिक है और इसके बाद बौद्धों की संख्या आती है।
- भारत और नेपाल बरसों से मित्र हैं।

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

अभ्यास के लिए:

मौखिक-

१. श्रुतलेख एवं उच्चारण अभ्यास।

प्रसिद्ध

तीर्थयात्रा

कस्तूरी

सुगंध

२. कम् से कम शब्दों में उत्तर लिखिए।

क) नेपाली लोग किसके लिए प्रसिद्ध हैं?

उ: नेपाली लोग अपने साहस, मेहनत तथा बहादूरी के लिए प्रसिद्ध हैं।

ख) नेपाल के पालतू जानवर कौन-से हैं?

उ: नेपाल के पालतू जानवर हैं - याक, गाय, बैल, भैंस, भेड और बकरी।

ग) नेपाल में कौन-से खनिज पदार्थ मिलते हैं?

उ: नेपाल में कोयला, ताँबा, गंधक, सीसा और लोहा जैसे खनिज पदार्थ मिलते हैं।

घ) नेपालियों की शारीरिक संरचना कैसी होती है?

उ: नेपाली लोग मुख्यत: शारीरिक रूप से हट्टे-कट्टे और मझले कद वाले होते हैं। इनकी नाक चपटी, आँखें छोटी, माथा संकरा और गालों की हड्डियाँ कुछ ऊपर उठी होती हैं।

ङ) नेपाल में किनकी जनसंख्या अधिक है?

उ: नेपाल में हिंदुओं की जनसंख्या अधिक है।

लिखित-

१. सही मिलान कीजिए।

क) पृथ्वी नारायण शाहने	मत्स्येंद्रनाथ का मंदिर है।
ख) संसार की सबसे ऊँची चोटी	राजधानी है।
ग) माउंट एवरेस्ट पर सबसे पहले चढ़ने वाले	तेनासिंह शेरपा हैं।
घ) काठमांडू नेपाल की	स्वतंत्र नेपाल की स्थापना की।
ङ) पाटन में	माउंट एवरेस्ट है।

२. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

क) नेपाल का भौगोलिक वर्णन कीजिए।

उ: नेपाल हिमालय की गोद में बसा प्राकृतिक सुंदरता से भरा देश है। यह पहाडों के बीच रास्ता बनाती नदियाँ, सुरम्य घाटियों और तराइयों से भरा है। संसार की सर्वोच्च पर्वात चोटी एवरेस्ट तथा गौरीशंकर, कंचनजंगा, धवलगिरी जैसी पर्वत चोटियाँ भी है।

ख) स्तूप किसे कहते हैं?

उ: स्तूप मिट्टी या पत्थर का एक गोल टीले के आकार का होता है, जिसमें गौतम बुद्ध के शरीर के अवशेष रखे गये होते हैं।

ग) नेपाल के दर्शनीय स्थलों की एक सूची बनाइए?

उ: नेपाल पशुपतिनाथ का मंदिर, मत्स्येद्रनाथ का मंदिर, गौतम बुद्ध का जन्मस्थल लुंबिनी तथा एवरेस्ट, गौरीशंकर, कंचनजंगा, धवलगिरी जैसी सुंदर पर्वत चोटियाँ है जो वास्तव में दर्शनीय है।

३. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तारपूर्वक लिखिए।

क) भारतीय जीवन-शैली और नेपालियों की जीवनशैली में काफी समानता है। नेपाल में सर्वाधिक संख्या हिंदुओं की है। इसलिए दीपावली, दशहरा आदि त्योहार यहाँ उत्साह से मनाए जाते हैं। यहाँ का खान-पान भी भारत की तरह है।

ख) 'हमारा पडोसी देश- नेपाल' पाठ का सार लिखिए।

उ: नेपाल हमारा पडोसी देश है। इस देश के साथ भारत का मैत्रीपूर्ण संबंध हैं। यह देश प्राकृतिक सौदंर्य से भरा है। यहाँ संसार सर्वोच्च पर्वत चोटी एवरेस्ट तथा गौरीशंकर, कंचनजंगा, धवलगिरी जैसी पर्वत चोटियाँ है। नेपाली लोग साहसी, परिश्रमी और बहादूर होते हैं। यहाँ अधिकांश लोग हिंदु है। यहाँ का पशुपतिनाथ का मंदिर विश्वप्रसिद्ध है।

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

भाषाज्ञान-

१. एक समान अर्थ देने वाले शब्द पर्यायवाची कहलाते हैं।

निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए।

क) राजा - नरेश	ख) पहाड़ - गिरि
ग) जानवर - पशु	घ) वीर - शूर
ङ) घर - सदन	च) वर्ष - साल

२. भाषा के लिखित रूप में रूकने के लिए जिन संकेत-चिह्नों का प्रयोग किया जाता है, उन्हें विराम चिह्न कहते हैं। कुछ प्रमुख विराम चिह्न हैं-

पूर्ण विराम (।) - वाक्य की समाप्ति पर।

अल्प विराम (,) - थोड़ा रूकने के लिए।

योजक चिह्न (-) - दो शब्दों को जोड़कर लिखने में।

निम्नलिखित वाक्यों में उचित विराम चिह्न लगाइए।

क) इस देश की शोभा न्यारी है।

ख) नेपाल में कोयला, ताँबा, गंधक, सीसा और लोहा जैसे कीमती खनिज पदार्थ मिलते हैं।

ग) शरीर से वे हट्टे-कट्टे होते हैं।

घ) यहाँ बौद्ध धर्म का प्रचार-प्रसार है।

३. निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए।

क) हट्टे-कट्टे- नेपाली हट्टे-कट्टे होते हैं।

ख) संकरा- यह रास्ता बहुत संकरा है।

ग) तराई- तराई इलाके में घना जंगल होता है।

घ) रहन-सहन- नेपालियों का रहन-सहन हमारी तरह है।

ङ) व्यवसाय- व्यवसाय में फायदा-नुकसान लगा रहता है।

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

♦♦♦